भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3132

जिसका उत्तर 06.08.2026 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार

†3132. श्री सौमेंदु अधिकारी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सत्य है कि सरकार ने मिदनापुर, बांकुरा, बर्दवान तथा कूचबिहार जिलों से होते हुए ओडिशा और असम के बीच सड़क संपर्क को सुगम बनाने के लिए विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग विस्तार परियोजनाएं शुरू की हैं; और

(ख) यदि हाँ, तो उक्त राष्ट्रीय राजमार्गों की वर्तमान स्थिति एवं दशा क्या है तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने हेतु किन बाधाओं एवं समस्याओं की पहचान की गई है तथा उनके समाधान के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) वर्तमान में ओडिशा और असम पश्चिम बंगाल के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) -49, एनएच-16, एनएच-14, एनएच-12, एनएच-27 और एनएच-17 से जुड़े हुए हैं, जो चिचिरा, नयाग्राम, खड़गपुर, बांकुरा, रानीगंज, मल्लरपुर, मोरेग्राम, फरक्का, ढालकोला, घोषपुकुर, फलाकाटा और बख्शीरहाट से होकर गुजरते हैं। मिदनापुर, बांकुरा, बर्दवान और कूच बिहार जिलों के माध्यम से ओडिशा से असम के बीच सड़क संपर्कता को सुगम बनाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार की विभिन्न परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति और दशा, साथ ही निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्यों को पूरा करने के लिए पहचानी गई और हल की गई बाधाओं और समस्याओं का विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

अनुलग्नक

"राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार" के संबंध में श्री सौमेंदु अधिकारी द्वारा दिनांक 06 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3132 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

क्र.सं.	एनएच सं.	परियोजना का नाम	लंबाई (किमी)	वर्तमान स्थिति	प्रारंभ करने की तिथि	पूर्ण होने की निर्धारित तिथि	कार्य पूर्ण होने की संभावित तिथि	वास्तिवक प्रगति (%)	पहचान की गई और हल की जा रही बाधाएं और समस्याएं
1	16	ओडिशा और पश्चिम बंगाल राज्य में एनएच-60 (किमी 0.00 से किमी 119.300 तक) के बालासोर से खड़गपुर तक चार लेन राजमार्ग का निर्माण ।	119.3	पूर्ण	-	-	-	-	-
2	49	पश्चिम बंगाल राज्य में एनएच-6 के चिचिरा-खरगपुर खंड (किमी. 185.150 से किमी. 134.400 तक) का 4-लेन का निर्माण, जिसमें किमी 134.400 से किमी 129.60 तक मौजूदा 4-लेन का पुनर्निर्माण भी शामिल है।	55.55	पूर्ण	-	-	-	-	-

3	116ए	पश्चिम बंगाल राज्य में एचएएम मोड के तहत एनएच 116 ए (पैकेज-I) के किमी 0 से किमी 41 तक खड़गपुर से चंद्रकोना घाटाल रोड क्रॉसिंग खंड के लिए 4 लेन आर्थिक गलियारे का विकास	41	सौंपा गया	सितंबर 2026	फरवरी 2029	-	-	-
4	116ए	पश्चिम बंगाल राज्य में एचएएम मोड के तहत एनएच 116 ए (पैकेज-II) के चंद्रकोना घाटाल रोड क्रॉसिंग से बोवाईचांडी खंड किमी 41 से किमी 89.814 तक 4 लेन के आर्थिक गलियारे का विकास	48.814	सौंपा गया	सितंबर 2026	फरवरी 2029	-	-	-
5	116ए	पश्चिम बंगाल राज्य में एचएएम मोड के तहत एनएच 116ए (पैकेज-III) के बोवाईचंडी से गुस्करा-कटवा सड़क खंड (किमी 89.814 से किमी 133) तक 4 लेन के आर्थिक गलियारे का विकास	43.186	सौंपा गया	सितंबर 2026	फरवरी 2029	-	-	-
6	116ए	पश्चिम बंगाल राज्य में एचएएम मोड के तहत	47	सौंपा गया	सितंबर 2026	फरवरी 2029	-	-	-

		एनएच 116ए (पैकेज-IV) के गुस्करा-कटवा रोड से मयूराक्षी पुल खंड किमी 133 से किमी 180 तक 4 लेन के आर्थिक गलियारे का विकास							
7	116ए	पश्चिम बंगाल राज्य में एचएएम मोड के तहत एनएच 116ए (पैकेज-V) के मयूरक्षी पुल से मोरेग्राम खंड (किमी 180 से किमी 230.957) तक 4 लेन के आर्थिक गलियारे का विकास	50.96	सौंपा गया	सितंबर 2026	फरवरी 2029	-	-	-
8	12	एनएचडीपी चरण-III के तहत पश्चिम बंगाल राज्य में डीबीएफओटी (टोल) आधार पर एनएच-34 के किमी 191.416 से किमी 294.684 तक बरहामपुर-फरक्का खंड के चार लेन का निर्माण	100.6	पूर्ण	-	-	-	-	-
9	12	फरक्का बैराज के डाउनस्ट्रीम पर गंगा नदी पर 4 लेन के पुल (4 लेन एनएचडीपी-III, 5 किमी, ईपीसी)	5.468	कार्य चालू	20.12.2018	18.12.2021	सितंबर 2026	96.71	1. भूमि अधिग्रहण में देरी 2. डिजाइन और आरेखण का पुनः सत्यापन

									3. कोविड-19
10	12	एनएचडीपी चरण-III के तहत पश्चिम बंगाल राज्य में डीबीएफओटी (टोल) आधार पर एनएच-34 के किमी 295.000 से किमी 398.000 तक फरक्का-रायगंज खंड को 4 लेन का बनाना	100.2	पूर्ण	-	-	-	-	-
11	12	पश्चिम बंगाल राज्य में ईपीसी मोड पर एनएच-12 (पुराना एनएच-34) के रायगंज ढालकोला खंड के किमी 398.000 से किमी 452.750 तक का शेष 4-लेन निर्माण कार्य (पैकेज-V)	50.35	पूर्ण	-	-	-	-	-
12	12	एनएच-12 पर आरओबी सहित ढालकोला बाईपास (लंबाई 5.5 किमी) के शेष 4-लेन का निर्माण कार्य	4.538	पूर्ण	-	-	-	-	-
13	27	ढालकोला से घोषपुकुर तक 4 लेन निर्माण कार्य	110	पूर्ण	-	-	-	-	-
14	27	घोषपुकुर से	78.45	पूर्ण	-	-	-	-	-

		धूपगुड़ी तक 4 लेन निर्माण कार्य							
15	27	एनएच-27 के बिन्नागुरी मौजा में बिन्नागुरी बाईपास के स्थगित किए गए 4-लेन वाले भाग का निर्माण कार्य।	5.5	कार्य चालू	07.11.2025	06.11.2027	06.11.2027	2.58	कोई विलंब नहीं
16	27	पश्चिम बंगाल राज्य में एनएच-31डी के किमी 113.200 से किमी 154.854 (पैकेज-IIए) तक के खंड का पुनर्वासन और चार लेन में उन्नयन।	41.654	कार्य चालू	04.12.2024	01.06.2027	01.06.2027	61.1	कोई विलंब नहीं
17	27	पश्चिम बंगाल में एनएच-31डी के के धूपगुड़ी-फलाकाटा खंड के किमी 83+340 से किमी 113+200 तक पुनर्वासन और 4-लेन में उन्नयन (पैकेज-2बी)	29.86	सौंपा गया	सितंबर 2026	अगस्त 2028	-	-	-
18	17	पश्चिम बंगाल में एनएच-17 के चै. 112.971 पर फलाकाटा से चै. 184.906 पर बख्शीरहाट तक पेव्ड शोल्डर सहित दो लेन का निर्माण।	71.93	पूर्ण	-	-	-	-	-

*****